**Seventeenth Loksabha**

>

Tilte: Request to stop releasing of toxic waste in Krishna river in Kairana, Uttar Pradesh.

**श्री प्रदीप कुमार चौधरी (कैराना):** माननीय अध्यक्ष जी, मैं आपका आभारी हूँ कि आपने मुझे बोलने का अवसर दिया । मैं अपनी पार्टी के शीर्ष नेतृत्व आदरणीय मोदी जी और शाह जी का भी आभार व्यक्त करना चाहता हूँ । मैं कैराना संसदीय क्षेत्र से चुनकर आता हूँ, इसलिए मैं वहाँ की जनता का भी आभार व्यक्त करता हूँ । मैं आपसे निवेदन करना चाहता हूँ कि मेरे संसदीय क्षेत्र कैराना से होकर कृष्णा नदी निकलती है । इस नदी से बहुत-से गांव प्रभावित हैं क्योंकि इस नदी के आसपास जो फैक्ट्रियाँ लगी हैं, उन फैक्ट्रियों का रसायनयुक्त पानी उस नदी में मिलकर बहता है । इसकी वजह से कैंसर जैसी बड़ी भयंकर बीमारी और चर्म रोग जैसी बीमारियों से लोग प्रभावित हैं ।

माननीय अध्यक्ष जी, मैं आपके माध्यम से सरकार से मांग करता हूं कि ग्रामीण क्षेत्रों में जो इस प्रकार की भयंकर बीमारी फैल रही है, इस भयंकर बीमारी को रोकने के लिए उक्त नदी में गिरने वाले गंदे पानी को तत्काल रूप से रोका जाए, ताकि उस क्षेत्र की जनता को भयानक बीमारियों से बचाया जा सके । धन्यवाद ।